बरेली, सोमवार
24 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

# दैनिक जागरण

PAGE NO II : MIDDLE

## एसआरएमएस किंग्स ने आइएमए को छह विकेट से हराया

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम रविवार को खेले गए एसआरएमएस फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच सीजन-3 में एसआरएमएस किंग्स ने आइएमए बरेली की टीम को छह विकेट से हराया दिया। आइएमए ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग्स की टीम ने 17.1 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मैच जीत लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी आइएमए टीम के डा. अनिल गंगवार ने 65, डा. विश्वदीप ने 47, डा. आरपी सिंह ने 40 और डा. मनीष अग्रवाल ने 23 रन बनाए। आठ विकेट पर 167 रन बनाए। एसआरएमएस किंग्स की तरफ से सुधांशु सक्सेना, डा. पवन और डा. रजन ने दो-दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग्स के डा. विश्वदीप ने 47, डा. रेहान अली 27, आदित्य मूर्ति 22, डा. महेश त्रिपाठी 17, डा. अमित सक्सेना 17 और डा. आयुष गर्ग के 12 रन की बदौलत 17.1 ओवर में 170 रन बनाकर मैच जीत लिया। आइएमए की तरफ से डा. रजत ने दो विकेट, डा. आरपी सिंह और डा. अतुल गंगवार ने एक-एक विकेट लिया।